अमर उजाला 19/03/2024

शब्द गायन प्रतियोगिता में गुरजोत प्रथम



अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के बीए तृतीय वर्ष के छात्र गुरजोत सिंह ने शब्द गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ मंजीत कौर ने बताया कि यमुनानगर संतपुरा स्थित गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में अंतर प्रदेशीय शब्द गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी, गुरजोत सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागी का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। वहीं संगीत विभाग के अन्य प्राध्यापकों ने विजेता प्रतिभागी को शुभकामनाएं प्रेषित की। संवाद